भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1369

उत्तर देने की तारीख: 25.11.2019

तिरूक्कुल

†1369. डॉ॰ टी॰ आर॰ पारिवेन्धरः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को तमिलनाडु राज्य सरकार से किसी संगठन/गैर-सरकारी संगठन/ व्यक्ति से तिरूक्कुल को एक राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित और अधिसूचित करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है जो कि एक तमिल भाषा की प्राचीन पाठ्यपुस्तक है जिसमें 1330 दोहे हैं जिसकी इतिहास में विद्वानों और प्रभावी नेताओं द्वारा बहुत प्रशंसा की गई है जिसे इसकी सार्वभौमिकता और धर्म निरपेक्षता प्रकृति के लिए भी जाना जाता है और जिसे संत कवि थिरूवलुअर द्वारा लिख गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त पुस्तक को शीघ्र ही राष्ट्रीय ग्रंथ/ग्रंथालय घोषित करने के लिए उक्त अनुरोध पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ग): श्री आर. बी. श्रीकुमार, आईपीएस (सेवानिवृत्त) गुजरात के पूर्व डीजीपी से 'तिरूक्कुल' को भारतीय राष्ट्रीय पुस्तक का दर्जा देने का अनुरोध प्राप्त हुआ है। वर्तमान में, किसी पुस्तक को राष्ट्रीय पुस्तक का दर्जा दिए जाने की कोई संकल्पना नहीं है।

*****